प्रेस नोट थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर दिनांक 28.02.2026

हत्या का प्रयास करने के आरोप में 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 अदद रिवाल्वर .32 बोर, 02 अदद खोखा कारतूस .32 बोर व 01 अदद जिंदा मिस राउंड .32 बोर बरामद

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान क्रम में पुलिस, अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी कैण्ट के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह थाना कैण्ट के नेतृत्व में मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 079/2026 धारा 109 बीएनएस व 7 सीएलए एक्ट से संबंधित अभियुक्त संतोष कुमार सिंह को गिरफ्तार किया गया, कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 अदद रिवाल्वर .32 बोर, 02 अदद खोखा कारतूस .32 बोर व 01 अदद जिंदा मिस राउंड .32 बोर बरामद बरामद हुआ। उक्त बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 27/30 आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी की गयी। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरण

दिनांक 25/02/2026 को एक कार्यक्रम में अभियुक्त द्वारा अपनी रिवाल्वर से फायरिंग किया गया, जिससे आयोजन में आए भीड़ में भगदड़ मच गयी, जिसके संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

संतोष कुमार सिंह पुत्र विजय राज सिंह निवासी ग्राम घसियारीपुर, थाना देहात कोतवाली, जनपद बहराईच

गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण-

मु0अ0स0 005/2026 धारा 109(1),117(2) BNS बीएनएस व 7 सीएलए एक्ट व 27/30 आर्म्स एक्ट थाना कैण्ट गोरखपुर

बरामदगी-

01 अदद रिवाल्वर .32 बोर, 02 अदद खोखा कारतूस .32 बोर व 01 अदद जिंदा मिस राउंड .32 बोर

गिरफ्तारी की टीम-

1. उ0नि0 गिरीश मिश्रा चौकी प्रभारी विश्वविद्यालय थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर
2. उ0नि0 आशीष कुमार दुबे चौकी प्रभारी पैडलेगंज थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर
3. का0 सोनू यादव थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर